Social Justice Union — Govt. Registered

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 24 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 118

## पनडुब्बी 'आईएनएस वागीर' भारतीय नौसेना में शामिल

❑ एमडीएल ने फ्रांस के 'मैसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से किया निर्माण



**मुंबई (आरएनएस)।** कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों की पांचवीं पनडुब्बी 'आईएनएस वागीर को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, जिससे बल की ताकत और बढ़ेगी। 'आईएनएस वागीर का निर्माण 'मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस के 'मैसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से किया है। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में इसे नौसेना में शामिल किया गया।भारतीय नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी दुश्मन को रोकने की भारतीय नौसेना की क्षमता में इज़ाफा करके भारत के समुद्री हितों को आगे बढ़ाएगी। यह संकट के समय में निर्णायक वार करने के लिए खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) अभियान के संचालन में भी मददगार साबित होगी। नौसेना के अनुसार, 'वागीर का अर्थ 'सैंड शार्क है, जो तत्परता एवं निर्भयता के भाव को प्रतिबिंब करती है। एडमिरल कुमार ने 'आईएनएस वागीर को दुर्जेय हथियारों से लैस अत्याधुनिक 'स्टील्थ तकनीक वाली घातक पनडुब्बी बताते हुए कहा कि इसकी क्षमता व मारक क्षमता न केवल नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि देश की प्रतिरोधक क्षमता में भी इज़ाफा करेगी। कुमार ने कहा कि 'आईएनएस वागीर पिछले 24 महीनों में नौसेना में शामिल की गई चौथी पनडुब्बी है।

एमडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नारायण प्रसाद ने कहा कि 'आईएनएस वागीर ने फरवरी 2022 से 11 महीने में समुद्री परीक्षण पूरा किया। नौसेना के अनुसार, 'आईएनएस वागीर दुनिया के कुछ बेहतरीन 'सेंसर और हथियारों से लैस है, जिसमें 'वायर गाइडेड टॉरपीडो और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं, जो दुश्मन के बड़े बेड़े को बेअसर कर सकती हैं। नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी में विशेष अभियानों के लिए समुद्री कमांडो को पानी में उतारने की क्षमता है, जबकि इसके शक्तिशाली डीज़ल इंजन 'बैटरी को बहुत जल्दी चार्ज कर सकते हैं। आत्मरक्षा के लिए इसमें अत्याधुनिक 'टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम लगाया गया है। कलवरी पनडुब्बियों में से अंतिम 'वागशिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसे मार्च-अप्रैल में पहली सतही समुद्री यात्रा शुरू करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## राजौरी में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी, दो आईईडी को किया नष्ट



**राजौरी/जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक नियंत्रित विस्फोट कर दो आईईडी नष्ट किए गए. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पुलिस, सेना और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के संयुक्त अभियान के दौरान राजौरी शहर से चार किलोमीटर दूर दसल गांव से रविवार शाम आईईडी बरामद किए गए. उन्होंने बताया कि इन आईईडी का खुफिया जानकारी के आधार पर पता लगाया गया. उन्होंने बताया कि इन आईईडी को शहर से 30 किलोमीटर दूर चिनगुस वन क्षेत्र में बम निरोधक दस्ते ने एक नियंत्रित विस्फोट करके नष्ट कर दिया. जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' संपन्न होने के कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस के नजदीक आने के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. अधिकारी ने बताया कि जम्मू के नरवाल में शनिवार को दो विस्फोटों में नौ लोगों के घायल होने और राजौरी के खेओरा गांव से पिछले सप्ताह आईईडी मिलने की घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों के लिए एक ताजा अलर्ट जारी किया गया है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### फरवरी के अंतिम सप्ताह में होगा विस का बजट सत्र

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र फरवरी के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ होगा। संसदीय कार्य विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार करके मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अनुमोदन मिलने के बाद दो-तीन दिन में अधिसूचना जारी करने के लिए इसे विधानसभा सचिवालय को भेज दिया जाएगा। सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत करेगी। संसदीय कार्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बजट सत्र लगभग एक माह चलेगा। इसमें बजट प्रस्तुत करने के अलावा नगरीय विकास एवं आवास सहित अन्य विभागों द्वारा संशोधन विधेयक भी प्रस्तुत किए जाएंगे। बजट मार्च में प्रस्तुत होगा। सरकार तृतीय अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत करेगी।

### श्रीलंका में पक्षियों की 81 प्रजातियों पर विलुप्त होने का खतरा

**कोलंबो ।** श्रीलंका में पक्षियों की कई दर्जन प्रजातियां विलुप्त हो सकती है। जैव विविधता सचिवालय ने कहा है कि देश के 81 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। जैव विविधता सचिवालय की निदेशक आरएचएमपी अबेकून ने स्थानीय मीडिया को बताया, श्रीलंका पक्षियों की 435 प्रजातियों के साथ एक जैव विविधता हॉटस्पॉट है। यह 2022 के रेड डेटा बुक पर एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण के दौरान सामने आया है। उन्होंने आगे कहा कि पक्षियों को मनुष्यों द्वारा उनके आवासों को किए गए नुकसान के कारण विलुप्त होने के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। रेड डाटा बुक एक सार्वजनिक दस्तावेज है जो किसी विशेष क्षेत्र में मौजूद पौधों, जानवरों, कवक के साथ-साथ कुछ स्थानीय उप-प्रजातियों की लुप्तप्राय और दुर्लभ प्रजातियों को रिकॉर्ड करता है। श्रीलंका वर्तमान में लगभग 237 प्रकार के पक्षियों का घर है, जिनमें से कम से कम 26 स्थानीय प्रजातियां हैं। इसके अलावा, द्वीप राष्ट्र में कई प्रवासी पक्षी भी आते हैं। श्रीलंका पर 2007 की आईयीसीएन रेड लिस्ट में पक्षियों की 10 प्रजातियों को गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया और कई अन्य को लुप्तप्राय और कमजोर के रूप में सूचीबद्ध किया गया।

### दिल्ली में बदलेगा मौसम का मिजाज, बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल की मौजूदा अवधि के लिहाज से सामान्य है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 100 फीसदी रही. मौसम विभाग ने दिन में राष्ट्रीय राजधानी के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है, जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है. आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 355 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है. विभाग ने बताया कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है.

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ याचिका की खारिज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने 2018 में राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान कथित आपत्तिजनक भाषण देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी.

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि वह मामले में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती. पीठ ने कहा कि ऐसे मुकदमे सिर्फ पेज 1 (अखबारों) के लिए होते हैं. इसे खारिज किया जाता है. याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था. उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी और याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया था. यह याचिका मऊ जिले के नवल किशोर शर्मा ने दायर की थी.याचिकाकर्ता के अनुसार, आदित्यनाथ ने 23 नवंबर 2018 को अलवर में एक चुनावी भाषण में उनकी धार्मिक भावनाएं आहत की थीं. उच्चतम न्यायालय का रुख करने से पहले याचिकाकर्ता ने मऊ की जिला अदालत में मुख्यमंत्री के भाषण के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी जिसे खारिज कर दिया गया था. इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जिसे भी क्षेत्रीय न्यायाधिकार के आधार पर खारिज कर दिया गया।

## सुनवाई के लिए 3 सदस्यीय पीठ गठित करने पर विचार करेगा सुप्रीमकोर्ट

❑ कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब विवाद



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने से संबंधित मामले में फैसला लेने के लिए 3 न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करेगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा की दलीलों का संज्ञान लिया कि राज्य में 6 फरवरी से कुछ कक्षाओं के लिए निर्धारित प्रैक्टिकल परीक्षाओं के मद्देनजर एक अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। कुछ छात्राओं की तरफ से पेश अरोड़ा ने कहा, यह हिजाब मामला है। छात्राओं की 6 फरवरी 2023 से प्रैक्टिकल परीक्षाएं हैं और इस मामले को अंतरिम आदेश के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जरूरत है, ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सकें। प्रैक्टिकल परीक्षाएं सरकारी स्कूलों में होंगी। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, मैं इस पर विचार करूंगा। यह तीन न्यायाधीशों की पीठ का मामला है। हम एक तारीख तय करेंगे। शीर्ष अदालत की 2 सदस्यीय पीठ ने पिछले साल 13 अक्तूबर को हिजाब विवाद में खंडित फैसला सुनाया था। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया था कि कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से उपजे विवाद में फैसला लेने के लिए एक उपयुक्त पीठ का गठन किया जाए। जस्टिस हेमंत गुप्ता (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने जहां स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से जुड़े कर्नाटक उच्च न्यायालय के 15 मार्च, 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था, वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा था कि राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में कहीं भी हिजाब पहनने पर कोई पाबंदी लागू नहीं होगी। जस्टिस गुप्ता ने कहा था कि किसी समुदाय के सदस्यों को स्कूल-कॉलेज में अपने धार्मिक प्रतीक धारण करने की इजाजत देना 'धर्मनिरपेक्षता के विपरीत होगा, जबकि जस्टिस धूलिया ने जोर देकर कहा था कि हिजाब पहनना या न पहनना केवल 'पसंद का मामला होना चाहिए। शीर्ष अदालत के खंडित फैसले के कारण कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला अभी भी प्रभावी है।

## सड़क हादसे में सालासर बालाजी जा रहे हरियाणा के 5 लोगों की मौत



**सीकर (आरएनएस)।** जिले में फतेहपुर के हिसार-अम्बाला हाइवें पर रफ्तार के कहर ने पांच जिंदगियां छीन लीं. हादसा इतना खतरनाक था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. यह हादसा गांव बिकमसरा के सुरभि होटक के पास हुआ है. फिलहाल पांचों के शव को फतेहपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है. इनका आज पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा जाएगा.

हादसे के बारे में स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के फतेहाबाद इलाके के रहने वाले पांचों युवक अपनी कार से सालासर बालाजी के दर्शन करने के लिए आए थे. इसी दौरान देर रात उनकी कार की ट्रोले से टक्कर हो गई. हादसा इतना भयानक था कि एनएच 65 हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया. हाइवे के आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर हादसे के शिकार लोगों को कार से बाहर निकालने का प्रयास किया. लेकिन तब तक सभी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी. इस दौरान हाइवें के दोनों ओर लंबा जाम लग गया.

सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से मृतकों को राजकीय धानूका अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया. सभी मृतक हरियाणा के फतेहाबाद जिले के निवासी है. मृतकों में अजय कुमार पुत्र जय सिह जाट निवासी बाडरी पालसर जिला फतेहबाद हरियाणा, संदीप पुत्र शमशेर सिंह भुतनकला, संदीप पुत्र प्रताप सिंह भुतनकला जिला फतेहबाद हरियाणा, अमित पुत्र इश्वर सिंह निवासी भुतनकला जिला फतेहबाद हरियाणा व मोहनलाल पुत्र राधेयश्याम जाति ब्राहम्ण निवासी भुतनकला जिला फतेहबाद हरियाणा निवासी है.

### अलप्पुझा में ट्रक से टकरायी कार, शादी समारोह में जा रहे 5 लोगों की मौत

**अलप्पुझा (आरएनएस)।** केरल के अलप्पुझा जिले में सोमवार तडक़े एक सडक़ दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अलप्पुझा के पास अंबालापुझा में यह दुर्घटना उस समय हुई, जब एक कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में कार में सवार पांचों लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, ये पांचों लोग तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भोजनालय में संविदा कर्मचारी थे और वे एक शादी समारोह में शामिल होने अलप्पुझा जा रहे थे। पुलिस ने कहा, हादसा देर रात डेढ़ बजे के करीब हुआ। कार में सवार पांचों लोग मारे गए। ट्रक का चालक और खलासी हिरासत में हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार में सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, पांचों शवों को अलप्पुझा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है और उन्हें पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## मंदिर में एक उत्सव के दौरान क्रेन गिरने से चार लोगों की मौत


**चेन्नई (आरएनएस)।** रानीपेट जिले के अरक्कोणम में रविवार देर रात एक मंदिर में उत्सव के दौरान अचानक क्रेन गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई, और कम से कम छह अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी.

पुलिस ने सोमवार को बताया कि श्रद्धालुओं के, मंदिर के चारों ओर चक्कर लगाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा था और कुछ श्रद्धालु मन्नत पूरी करने के लिए एकत्र हुए लोगों से फूल की मालाएं ले रहे थे तभी यह हादसा हो गया. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्रेन अचानक गिर गई और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घायल हुए सात लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया. उनमें से एक व्यक्ति ने सोमवार को सुबह दम तोड़ दिया.

उन्होंने बताया कि हादसे में एस. भूपालन (40), बी. जोतिबाबू (17), के. मुथुकुमार (39) और चिन्नासामी (60) की मौत हो गई. अराक्कोणम के नेमेली स्थित केझावीथी में द्रोपदियाम्मन और मंडियाम्मन मंदिरों में मनाया जा रहा 'मायिलेरुम थिरुविझा कार्यक्रम' फसल उत्सव (पोंगल) के बाद आयोजित होने वाला एक वार्षिक अनुष्ठान है. नेमेली पुलिस ने मामले में क्रेन के संचालक को हिरासत में लिया है.

## प्रधानमंत्री ने अण्डमान निकोबार में नेताजी राष्ट्रीय स्मारक के प्रतिरूप का किया उद्घाटन

❑ 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पराक्रम दिवस के अवसर पर अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया। इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनाए जाने वाले नेताजी राष्ट्रीय स्मारक के प्रतिरूप का भी उद्घाटन किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप का नामकरण प्रथम परमवीर चक्र विजेता के नाम पर किया गया। इसी प्रकार आकार की दृष्टि से अन्य द्वीपों का नामकरण किया गया। ये नामकरण जिन परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किए गए हैं, उनमें -मेजर सोमनाथ शर्मा, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, कैप्टन विक्रम बत्रा और लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, द्वीपों का यह नामकरण राष्ट्र की सम्प्रभुता और अखण्डता की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायकों को श्रद्धांजलि के तौर पर किया जा रहा है। अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने रॉस द्वीप का नामकरण नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के तौर पर किया था। इसी प्रकार नील द्वीप का नाम बदलकर शहीद द्वीप और हेवलॉक द्वीप का नाम स्वराज द्वीप किया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिर में फिर तोड़फोड़, 15 दिन में तीसरी बार हुआ हमला



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया में 15 दिन के अंदर तीसरी बार हिंदू मंदिर पर हमला हुआ है। मेलबर्न में अलगाववादी लगातार हिंदू मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। अलगाववादियों ने मेलबर्न के अल्बर्ट पार्क में स्थित हिंदू मंदिर में तोडफ़ोड़ की है। मेलबर्न में पिछले 15 दिन के अंदर तीसरे मंदिर पर हमला हुआ है। इस्कॉन मंदिर, जिसे हरे कृष्ण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मेलबर्न में भक्ति योग आंदोलन का एक प्रसिद्ध केंद्र है। सोमवार की सुबह मंदिर प्रबंधन ने पाया कि मंदिर के साथ तोडफ़ोड़ की गई और दीवारों पर खालिस्तान जिंदाबाद, हिंदुस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे भी लिखे हुए थे।

इस्कॉन मंदिर के संचार निदेशक भक्त दास ने कहा, 'हम पूजा स्थल के सम्मान के लिए इस घोर उपेक्षा से हैरान और नाराज हैं।' वहीं, इस्कॉन मंदिर के एक आईटी सलाहकार और भक्त शिवेश पांडे ने कहा, 'पिछले दो हफ्तों में विक्टोरिया पुलिस उन लोगों के खिलाफ कोई निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रही है, जो शांतिपूर्ण हिंदू समुदाय के खिलाफ अपना नफरत भरा एजेंडा चला रहे हैं।' बता दें कि अलगाववादियों ने 12 जनवरी को पहले मंदिर पर हमला किया था। इसके ठीक 5 दिन बाद दूसरे मंदिर को निशाना बनाया था।

इससे पहले खालिस्तानी समर्थकों ने 17 जनवरी को विक्टोरिया के कार्रुम डॉन्स में स्थित शिव विष्णु मंदिर पर हमला किया गया था। मंदिर में तोडफ़ोड़ की घटना तब समाने आई थी, जब तमिल हिंदू समुदाय के तीन दिन लंबे त्योहार थाई पोंगल पर दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। शिव विष्णु मंदिर में वर्षों से पूजा कर रहीं उषा सेंथिलनाथन ने बताया, हम ऑस्ट्रेलिया में तमिल अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। यह मेरे पूजा करने की जगह है और मुझे यह स्वीकार्य नहीं है कि ये खालिस्तान समर्थक बिना किसी डर के अपने नफरती संदेशों से इसे नुकसान पहुंचाएं।

वहीं, इससे पहले 12 जनवरी को मेलबर्न स्थित स्वामीनारायण मंदिर पर भारत-विरोधी बातें लिखकर असामाजिक तत्वों ने उसे विरूपित कर दिया था। इस हमले की निंदा करते हुए, स्वामीनारायण मंदिर ने कहा, 'हम इस बर्बरता और घृणा भरे हमलों से बहुत दुखी और स्तब्ध हैं। हम शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना करते हैं और जल्द ही अपना जारी करेंगे।